बिहार सरकार

विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग

पत्रांक – वि० प्रा० (I) स्था०–22/2017/ 1697 /पटना, दिनांक – 5-7-2018

आदेश

विभागीय आदेश संख्या– 2674 दिनांक– 13.11.2017 एवं 2677 दिनांक– 13.11.2017 द्वारा श्री निर्मल कुमार, प्राचार्य बी0 सी0 ई0 भागलपुर को पटना में विभागीय कार्य संपादित किये जाने हेतु निदेशित किया गया था। श्री कुमार द्वारा विभागीय आदेश के अनुपालन में विभागीय कार्य संपादित किये जाने हेतु दिनांक– 19.11.2017 को भागलपुर से पटना की यात्रा संपन्न की गयी। श्री कुमार द्वारा विभागीय आदेश के आलोक मे की गयी यात्रा का यात्रा विपत्र अपने पत्रांक– 1690 दिनांक– 29.11.2017 को उपलब्ध कराया गया। जिसमें यात्रा अवधि दिनांक– 19.11.2017 से दिनांक– 25.11.2017 दर्शाया गया। इसमें यात्रा में व्यय की गयी कुल राशि रू 4030/– था।

2. श्री कुमार द्वारा यथाउल्लिखित विभागीय आदेश के आलोक में पुनः एक यात्रा विपत्र अपने पत्रांक– 291 दिनांक– 29.01.2018 द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित करने हेतु विभाग में उपलब्ध कराया गया। श्री कुमार से प्राप्त यात्रा विपत्र में यात्रा की अवधि दिनांक– 19.11.2017 से दिनांक– 24.11.2017 का उल्लेख किया गया था। यात्रा में व्यय की गयी कुल राशि रू 3912/– था।

3. श्री कुमार द्वारा एक ही तिथि में की गयी यात्रा का दो यात्रा विपत्र प्रस्तुत किया गया जिसमें अलग–अलग तिथि अलग–अलग व्यय की राशि तथा अलग–अलग समय अंकित किया गया था।

4. इस वित्तीय अनियमितता के लिए श्री कुमार से विभागीय पत्रांक– 462 दिनांक– 16.02.2018 द्वारा स्पष्टीकरण की मांग की गयी। श्री कुमार द्वारा अपने पत्रांक– 437 दिनांक– 17.02.2018 से इस कृत्य के लिए अपना स्पष्टीकरण उपलब्ध कराया गया। श्री कुमार से प्राप्त स्पष्टीकरण की सम्यक समीक्षा विभागीय स्तर पर की गयी। समीक्षोपरांत इनका स्पष्टीकरण असंतोषजनक पाया गया।

5. उक्त के आलोक में विषयगत मामले में सम्यक समीक्षोपरांत श्री निर्मल कुमार, प्राचार्य, बी0 सी0 ई0 भागलपुर को इस कृत्य के लिए "**कड़ी चेतावनी**" संसूचित की जाती है ।

5/7/18

सरकार के विशेष सचिव,
विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग,

ज्ञापांकः– वि० प्रा० (I) स्था०–22/2017/ 1697 /पटना, दिनांक – 5-7-2018

प्रतिलिपिः– निदेशक/ सचिव, राज्य प्रावैधिक शिक्षा पर्षद/ सभी प्राचार्य, राजकीय अभियत्रंण महाविद्यालय/ राजकीय पोलिटेकनिक संस्थान/ सभी विभागीय पदाधिकारी/ श्री निर्मल कुमार, प्राचार्य, बी0 सी0 ई0 भागलपुर/ आई0 टी0 मैनेजर,(अपलोड हेतु) विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

5/7/18

सरकार के विशेष सचिव,
विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग,

05.7.18

विकास/27.06.18